**दिनांक 11 दिसम्बर, 2020 को अपरान्ह 02:30 बजे सम्पन्न राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज के भवन कार्य समिति की द्वितीय बैठक की कार्यवृत्तः**

बैठक में निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित हुएः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डा0 बी0डी0के0 पात्रो<br>निदेशक<br>राजकीय इंजी0 कालेज, कन्नौज | अध्यक्ष |
| 2. | श्री गुरूचरण सिंह<br>सहायक अभियन्ता एवं प्रतिनिध<br>अधीक्षण अभियन्ता<br>लोक निर्माण विभाग<br>कन्नौज | सदस्य |
| 3. | श्री मुकुल सक्सेना<br>विभागाध्यक्ष<br>सिविल इंजी0 विभाग<br>राजकीय इंजी0 कालेज, कन्नौज | सदस्य |
| 4. | प्रो0 जगवीर सिंह,<br>निदेशक,<br>अमिटी स्कूल आफ आर्कीटेक्चर एण्ड प्लानिंग<br>अमिटी विश्वविद्यालय, लखनऊ | सदस्य<br>(ऑनलाइन प्रतिभागी) |
| 5. | श्री डी0सी0 पन्त<br>परियोजना प्रबंधक<br>उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0<br>ईकाई–4, कानपुर | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 6. | श्री अभिषेक बाजपेई<br>सहायक प्रध्यापक,<br>इलेक्ट्रीकल इंजी0 विभाग एवं<br>कार्यवाहक कुलसचिव, आर0ई0सी0 कन्नौज | सदस्य |
| 7. | श्री राजेश कुमार<br>वित्त एवं लेखाधिकारी,<br>रा0इ0का0, कन्नौज | सदस्य |
| 8. | श्री आशीष श्रीवास्तव<br>सहायक अभियन्ता एवं प्रतिनिध<br>अधीक्षण अभियन्ता<br>लोक निर्माण विभाग, कन्नौज | सदस्य |
| 9. | श्री ऋषभ कष्यप<br>प्रभारी सामान्य अनुरक्षण,(सिविल)<br>रा0इ0का0, कन्नौज | सदस्य–सचिव<br>(ऑनलाइन प्रतिभागी) |

**सर्वप्रथम श्री मुकुल सक्सेना, विभागाध्यक्ष, सिविल इंजीनियरिंग विभाग एवं सदस्य, भवन कार्य समिति, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कन्नौज द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई।**

CamScanner

**02.01 अध्यक्ष महोदय द्वारा संस्थान में चल रहे निर्माण कार्यो की वस्तुस्थिति से सभी सदस्यों को अवगत कराया जाना।**

शासन द्वारा राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज के के निर्माण के लिये कार्यदायी संस्था उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0 को धनराशि रू0 **5878.32** लाख अवमुक्त किया गया है। उक्त धनराशि का शतप्रतिशत व्यय किया जा चुका है। वित्तीय वर्ष 2018–19, 2019–20 एवं 2020–21 मे कोई भी धनराशि शासन से उक्त मद में प्राप्त नहीं हुआ है। निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में कार्यदायी संस्था उ0प्र0 निर्माण निगम लि0 द्वारा तैयार किये गये पुनरीक्षित आगणन **रू0 14378.68 लाख** का व्यय का प्रस्ताव **व्यय वित्त समिति** के अनुमोदन हेतु शासन को प्रेषित किया जा चुका है। जिसकी स्वीकृति अभी तक अप्राप्त है। पुनरीक्षित आगणन के अनुसार परियोजनों को पूर्ण करने हेतु धनराशि रू0 **8500.36 लाख** की और आवश्यकता होगी।

**समिति उक्त सूचना से अवगत हुई।**

**02.02 संस्थान की भवन कार्य समिति की प्रथम बैठक के कार्यवृत की पुष्टि एवं अनुमोदन।**

दिनांक 01 जून, 2019 को सम्पन्न भवन कार्य समिति की प्रथम बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि सभी सम्मानित सदस्यों द्वारा की गयी एवं इस पर समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**02.03 संस्थान की भवन कार्य समिति प्रथम बैठक के कार्यवृत में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही।**

संस्थान की भवन कार्य समिति की दिनॉक 01–06–2019 को सम्पन्न हुयी प्रथम बैठक में लिये गये निर्णयों पर संस्थान द्वारा कृत कार्यवाही से समिति अवगत हुई तथा संतोष व्यक्त किया।

**02.04 पं0 दीन दयाल गुणवत्ता सुधार योजना के अन्तर्गत संस्थान में एकल 100 क्षमता की छात्रावास के निमार्ण हेतु प्रारम्भिक आगणन पर विचार एवं संस्तुति।**

दीन दयाल उपाध्याय तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार योजना के अन्तर्गत डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा संस्थान में 100 क्षमता की एकल सीटर छात्रावास के निर्माण हेतु रू0 490.00 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम, इकाई–4, कानपुर द्वारा प्रस्तुत प्रारंभिक आगणनों का परीक्षण संस्थान के सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा कर लिया गया है। प्रस्तुत आगणन मानक के अनुसार सही पाया गया है।

अतः संस्थान की भवन कार्य समिति ने दीन दयाल उपाध्याय तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार योजना के अन्तर्गत संस्थान में 100 क्षमता की एकल सीटर छात्रावास के निर्माण धनराशि रू0 490.00 लाख में कराये जाने की सैद्धान्तिक सहमति/संस्तुति प्रदान की गयी।

**02.05 पं0 दीन दयाल गुणवत्ता सुधार योजना के अन्तर्गत संस्थान में श्रेणी–1 के 04 एवं श्रेणी–2 के 04 आवासों के निमार्ण हेतु प्रारम्भिक आगणन पर विचार एवं संस्तुति।**

दीन दयाल उपाध्याय तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार योजना के अन्तर्गत विश्वविद्यालय द्वारा संस्थान में श्रेणी–एक के 06 आवास एवं श्रेणी–दो के 06 आवासों के निर्माण हेतु धनराशि रू0 132.40 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त आवासों के निर्माण हेतु उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम, इकाई–4, कानपुर द्वारा प्रस्तुत संशोधित आगणन की धनराशि रू0 132.50 लाख जिसमें श्रेणी–एक के 04 आवास एवं श्रेणी–दो के 04 आवासों के निर्माण सम्मिलित है। उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम, इकाई–4, कानपुर द्वारा प्रस्तुत प्रारंभिक आगणनों का परीक्षण संस्थान के सिविल इंजीनियिरंग विभाग द्वारा कर लिया गया है। प्रस्तुत आगणन मानक के अनुसार सही पाया गया है।

अतः संस्थान में दीन दयाल उपाध्याय तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार योजना के अन्तर्गत श्रेणी–एक के 04 आवास एवं श्रेणी–दो के 04 आवासों के निर्माण धनराशि रू0 132.40 लाख में कराये जाने हेतु संस्थान की भवन कार्य समिति द्वारा सैद्धान्तिक सहमति/संस्तुति प्रदान की गयी।

अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये बैठक की कार्यवाही सम्पन्न हुई।

| | |
|---|---|
| गुरूचरण सिंह / Satish Rawat<br>सहायक अभियन्ता एवं प्रतिनिधि<br>अधीक्षण अभियन्ता<br>लोक निर्माण विभाग<br>कन्नौज | मुकुल सक्सेना<br>विभागाध्यक्ष<br>सिविल इंजी0 विभाग<br>राजकीय इंजी0 कालेज, कन्नौज |

डी0सी0 पन्त
अपर परियोजना प्रबंधक
उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0
ईकाई–4, कानपुर

अभिषेक बाजपेई
सहायक प्रध्यापक,
कम्प्यूटर साइंस विभाग एवं
कार्यवाहक कुलसचिव, आर0ई0सी0
कन्नौज

राजेश कुमार
वित्त एवं लेखाधिकारी,
रा0इ0का0, कन्नौज

ऋषभ कश्यप
प्रभारी सामान्य अनुरक्षण,(सिविल)
रा0इ0का0, कन्नौज

डा0 बी0डी0के0 पात्रो
निदेशक एवं
अध्यक्ष, भवन कार्य समिति
राजकीय इंजी0 कालेज, कन्नौज

CamScanner